आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नीत गठबंधन महा विकास अगाड़ी की हार के लिए ईवीएम को जिम्मेवार ठहराया है। सुक्खू ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि ईवीएम पर बार–बार सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को एक बार ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर पर चुनाव करवाकर देखना चाहिए, ताकि सभी का संदेह दूर हो सके। मुख्यमंत्री ने इस दौरान विपक्षी दल भाजपा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने बिना बजट और आधे अधूरे भवनों का उद्घाटन व शिलान्यास कर दिया था। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार बजट का प्रावधान करने के बाद ही भवनों के उद्घाटन व शिलान्यास कर रही है। मुख्यमंत्री ने ये भी आरोप लगाया कि भाजपा ने प्रदेश की संपदा को लुटाने का काम किया है, लेकिन मौजूदा सरकार अब ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि सरकार व्यवस्था परिवर्तन कर रही है और कड़े फैसले लेगी।

कांग्रेस

प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर शिमला में पार्टी का मंथन आरंभ हो गया है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश कांग्रेस सह–प्रभारी विदित चौधरी और चेतन चौहान आज और कल पार्टी नेताओं का फीडबैक लेने के बाद कांग्रेस हाईकमान को अपनी रिपोर्ट देंगे। इसके उपरांत ही नई कार्यकारिणी का गठन होगा। चेतन चौहान ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नई कार्यकारिणी में युवा और अनुभव को तरजीह दी जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने इस मौके पर कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन और सरकार व संगठन में तालमेल को लेकर पार्टी हाईकमान ने पर्यवेक्षकों को हिमाचल भेजा है, जो पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं का फीडबैक ले रहे हैं। प्रतिभा सिंह ने सरकार के सत्ता में 2 साल पूरे होने के मौके पर मनाए जा रहे जश्न को लेकर अनभिज्ञता जताई और कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, न ही मुख्यमंत्री या किसी अन्य नेता से उनकी इस मामले में बात हुई है। प्रतिभा सिंह ने माना कि सरकार और संगठन में अभी तालमेल की कमी है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने पूछा है कि राज्य की कांग्रेस सरकार सत्ता में 2 साल पूरे होने पर आखिर किस बात का जश्न मना रही है। बिंदल ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि कांग्रेस जिन झूठी गारंटियों के दम पर सत्ता में आई थी, वे सारी गारंटियां फेल हो चुकी हैं। यही नहीं, कांग्रेस सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिए हैं और बिजली पर सैस भी बढ़ा दिया गया है। निशुल्क दी जा रही एक सौ 25 यूनिट बिजली बंद कर दी गई है, जबकि कांग्रेस ने 3 सौ यूनिट निशुल्क बिजली देने का वायदा किया

था। इसी तरह कांग्रेस ने हर साल एक लाख रोज़गार देने का वायदा किया था, लेकिन इसके विपरीत सरकार ने हज़ारों युवाओं का रोज़गार छीन लिया है।

आशीष बुटेल

विधायक आशीष बुटेल ने कहा है कि प्रदेश सरकार आम जनमानस को हर प्रकार की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए वचनबद्ध है। आशीष बुटेल ने आज सिविल अस्पताल पालमपुर में नए ओपीडी ब्लॉक में विभिन्न विकास कार्यों के शुभारंभ के मौके पर कहा कि पालमपुर में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। आज जिन सुविधाओं का शुभारंभ हुआ, उनमें 3 ऑपरेशन थियेटर, ऑर्थो सर्जरी और गाइनेकोलॉजिकल थियेटर शामिल है। उन्होंने कहा कि पालमपुर अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भी तैनाती की गई है।

कंगना रणौत

मंडी से भाजपा सांसद कंगना रणौत के चुनाव के खिलाफ प्रदेश हाईकोर्ट में दायर याचिका पर आज न्यायाधीश संदीप शर्मा की एकल पीठ में सुनवाई हुई। इस दौरान कंगना रणौत की ओर से पेश हुए वकील ने कोर्ट में अपना जवाब दायर किया। याचिकाकर्ता लायक राम नेगी के अधिवक्ता ने अपना जवाब दायर करने के लिए अदालत से समय मांगा है। इस पर हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई 4 सप्ताह बाद तय की है।

मौसम

प्रदेश के जनजातीय व अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बीते 2 दिनों के दौरान हुई हल्की बर्फबारी के बाद राज्य में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। राज्य के मध्यम व अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में तापमान में जोरदार गिरावट आई है, जबकि मैदानी इलाकों में लोगों को घने कोहरे का सामना करना पड़ रहा है। इससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। राज्य में बीते लगभग 2 महीने से वर्षा नहीं हुई है। ऐसे में नकदी फसलों के लिए प्रसिद्ध सोलन ज़िला के किसानों को अब सूखे जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

———————————————————————